# HIGH COURT OF MADHYA PRADESH : JABALPUR

## Online Assessment/Preliminary Exam of M.P. H.J.S. (Entry Level) Direct Recruitment from Bar-2016

## Question Paper alongwith Proposed Model Answers

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | I.P.C., Cr.P.C. & Evidence Act ( Total 30 Questions ) ( Q.No. 1 to 30 ) | | | | | |
| 1 | दण्ड प्रक्रिया संहिता :– प्ली बारगेनिंग ऐसे अपराधों के सम्बन्ध में प्रयोज्य है, जो अपराध मृत्यु दण्ड या आजीवन कारावास या ............ वर्ष से अधिक अवधि के कारावास से दण्डनीय नहीं है । | 1 | सात वर्ष | पाँच वर्ष | दो वर्ष | तीन वर्ष |
| 2 | निम्न में से दण्ड प्रक्रिया संहिता की किस धारा के अंतर्गत सत्र न्यायालय को मामला सुपुर्द हुए बिना संज्ञान लेने की आरंभिक क्षेत्राधिकारिता है ? | 1 | 199(2) | 190 | 201 | 193 |
| 3 | दण्ड प्रक्रिया संहिता के किस प्रावधान के अंतर्गत न्यायालय साक्षी की भाव–भंगिमा अभिलिखित कर सकती है ? | 1 | 280 | 279 | 278 | 281 |
| 4 | भारतीय साक्ष्य अधिनियम :– उस व्यक्ति के द्वारा, जो मर गया है या मिल नहीं सकता किया गया, सुसंगत तथ्य का कथन, सुसंगत है– | 4 | केवल व्यवहार मामलों में | केवल आपराधिक मामलों में | न तो व्यवहार और न ही आपराधिक मामलों में | व्यवहार एवं आपराधिक दोनों ही मामलों में |
| 5 | जो कोई भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376, धारा 376(क) या धारा 376 (घ) के अधीन पूर्व में दोषसिद्ध किया जा चुका है और वह उक्त धाराओं में से किसी के अधीन दुबारा दोषसिद्ध किया जाता है, तब वह दंडित किया जायेगा – | 2 | आजीवन कारावास से | आजीवन कारावास, जिससे उस व्यक्ति के नैसर्गिक जीवन का शेष भाग अभिप्रेत है या मृत्युदंड | आजीवन कारावास, जिससे उस व्यक्ति के नैसर्गिक जीवन का शेष भाग अभिप्रेत है और अर्थदंड | आजीवन कारावास जिसकी अवधि 30 वर्ष से कम नहीं होगी. |
| 6 | दं.प्र.सं. की धारा 386 के अंतर्गत अपील न्यायालय अपील के अंतर्गत क्या नहीं कर सकता है ? | 4 | दोषमुक्ति के आदेश से अपील में ऐसे आदेश को उलट सकता है अथवा उसे दोषी ठहरा सकता है और उसे विधि के अनुसार दण्डादेश दे सकता है | दोषसिद्धि से अपील में दण्डादेश को कायम रखते हुए निष्कर्ष में परिवर्तन कर सकता है | दण्डादेश की वृद्धि के लिये अपील में दण्डादेश को कायम रखते हुए निष्कर्ष में परिवर्तन कर सकता है | उस अपराध के लिये, जिसे उसकी राय में अभियुक्त ने किया है, उससे अधिक दंड दे सकता है, जो दण्डादेश पारित करने वाले विचारण न्यायालय द्वारा दिया जा सकता था । |
| 7 | साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत, न्यायालय किन तथ्यों की न्यायिक अवेक्षा नहीं ले सकता ? | 2 | शासन के द्वारा जारी की गई सांविधिक अधिसूचना. | शासन के द्वारा जारी की गई कार्यपालिक अधिसूचना. | समस्त मुद्रायें जिनकी इंग्लिश न्यायालय न्यायिक अवेक्षा करती है. | विश्व के भौगोलिक प्रभाग |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | साक्ष्य अधिनियम :– 'क' साशय और मिथ्या रूप से यह विश्वास करने के लिए 'ख' को प्रेरित करता है कि अमुक भूमि 'क' की है, और एतद् द्वारा 'ख' को उसे क्रय करने और उसका मूल्य चुकाने के लिए उत्प्रेरित करता है। तत्पश्चात् भूमि 'क' की संपत्ति हो जाती है, 'क' को अपने स्वत्व का अभाव प्रमाणित करना अनुज्ञात नहीं किया जायेगा । | 2 | प्रत्यासन के नियम के कारण | विबन्धन के नियम के कारण | पूर्व–न्याय के सिद्धांत के कारण | विखंडनीय संविदा के कारण |
| 9 | जो कोई, किसी निजी अस्पताल का भारसाधक होते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 357 ग के प्रावधानों का उल्लंघन करता है तो वह ऐसे कारावास से दण्डित किया जायेगा, जिसकी अवधि – | 2 | तीन वर्ष तक | एक वर्ष तक | सात वर्ष तक | दो वर्ष तक |
| 10 | भारतीय दण्ड संहिता में सामूहिक बलात्संग के अपराध के लिए दण्ड उपबंधित है : | 4 | धारा 376(2)(छ) के अंतर्गत न्यूनतम 10 वर्ष किन्तु जो आजीवन हो सकेगी तथा अर्थदण्ड | धारा 376(2)(छ) के अंतर्गत न्यूनतम 7 वर्ष किन्तु जो आजीवन हो सकेगी तथा अर्थदण्ड | धारा 376 घ के अंतर्गत न्यूनतम 20 वर्ष किन्तु जो आजीवन हो सकेगी तथा अर्थदण्ड | धारा 376 घ के अंतर्गत न्यूनतम 20 वर्ष से कम की नहीं होगी किंतु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी जिससे उस व्यक्ति के नैसर्गिक जीवन के शेष भाग तक हो सकेगी तथा अर्थदण्ड |
| 11 | भारतीय दण्ड संहिता :– "क" अपने सेवक "ख" के माध्यम से अपने मित्र को एक मोबाइल फोन भेजता है। सेवक उस फोन को अपने घर ले जाता है और उसका कुछ समय तक उपयोग करता है। "ख" .... के अपराध का दोषी है। | 3 | चोरी | सम्पत्ति का आपराधिक दुर्विनियोग | आपराधिक न्यासभंग | छल |
| 12 | साक्ष्य अधिनियम :– प्रथम सूचना प्रतिवेदन लिखाने वाले की मानसिक योग्यता का प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना पुलिस अधिकारी द्वारा प्रथम सूचना प्रतिवेदन के रूप में अभिलिखित मृत्युकालिक कथन – | 3 | मृत्युकालिक कथन नहीं माना जा सकता है | साक्ष्य में नहीं पढ़ा जा सकता है | मृत्युकालिक कथन माना जा सकता है | साक्ष्य में ग्राह्य नहीं किया जा सकता है |
| 13 | कौन–सा अपराध भा.दं.सं. 320 (2) के अंतर्गत शमनीय नहीं है ? | 2 | 337 भा.दं.सं. | 324 भा.दं.सं. | 312 भा.दं.सं. | 420 भा.द.सं. |
| 14 | न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने धारा 325 भा.दं.स. का प्रकरण साक्ष्य के प्रक्रम पर अभियोजक के आवेदन पर वापस लेने की अनुमति दी अभियोजन ने मामला वापस ले लिया इस आदेश के विरूद्ध आहत को क्या उपचार उपलब्ध है ? | 1 | धारा 372 दं.प्र.सं. के तहत् सेशन न्यायालय में अपील | धारा 378 दं.प्र.सं. के तहत् उच्च न्यायालय में अपील | धारा 397 दं.प्र.सं. के तहत् पुनरीक्षण | सत्र न्यायालय में पुनरीक्षण |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | दण्ड प्रक्रिया संहिता :– कौन–सी अनियमितता कार्यवाही को दूषित करेगी, यदि कोई मजिस्ट्रेट इस प्रकार सशक्त न होते हुए – | 3 | धारा 94 दं.प्र.सं. के अंतर्गत सर्च वारण्ट जारी करे | धारा 176 दं.प्र.सं. के अंतर्गत मृत्यु समीक्षा करे | समरी प्रकृति से अभियुक्त का विचारण करे | 306 द.प्र.सं. के अंतर्गत क्षमा दान करे |
| 16 | प्रश्न है कि क्या ए ने अपराध किया तब निम्न में से क्या सुसंगत नहीं है ? | 4 | अपराध के बाद ए का फरार होना | ए के आधिपत्य में अपराध द्वारा संपत्ति का प्राप्त होना | ए द्वारा तथ्यों को छिपाने का प्रयास | पुलिस के समक्ष ए की स्वीकारोक्ति |
| 17 | भारतीय दण्ड संहिता :– क, य को दबोच लेता है, और य के कपड़े में से य का धन और आभूषण य की सम्मति के बिना कपटपूर्वक निकाल लेता है, ऐसा करने में य का स्वेच्छया सदोष अवरोध कारित करता है। क ने की है – | 2 | चोरी | लूट | डकैती | छल |
| 18 | भारतीय दण्ड विधान के तहत प्रवंचना आवश्यक तत्व है– | 2 | आपराधिक न्यास भंग का | छल का | कूटरचना का | आपराधिक दुर्विनियोग का |
| 19 | भारतीय दण्ड संहिता :– 'य', जो 'म' का दरबान है, 'म' की ड्योढ़ी में खड़ा है। 'य' को मारने की धमकी देकर 'क' उसको विरोध करने से भयोपरत करके उस गृह में प्रवेश करने द्वारा गृह अतिचार करता है। 'क' ने किया है ? | 4 | गृह अतिचार | आपराधिक अतिचार | प्रच्छन्न गृह अतिचार | गृह भेदन |
| 20 | धारा 446 दं.प्र.सं. के अंतर्गत जमानतदार से पेनाल्टी की राशि वसूल न किये जाने की स्थिति में न्यायालय के द्वारा उसे दिये जा सकने वाला कारावास – | 1 | सिविल जेल जो छः माह तक हो सकती है | साधारण कारावास जिसकी अवधि छः माह तक हो सकती है | कठोर कारावास जिसकी अवधि छः माह तक हो सकती है। | सिविल जेल जो एक वर्ष तक हो सकती है |
| 21 | साक्ष्य अधिनियम की धारा 90 के अंतर्गत वसीयत के लिए 30 वर्ष की समयावधि का प्रारंभ – | 1 | वसीयत की तिथि से | वसीयतकर्ता की मृत्यु की तिथि से | वसीयत के पंजीकरण की तिथि से, यदि वह पंजीकृत हो | जब वसीयत के लिए स्टाम्प क्रय किये गये |
| 22 | हत्या सहित डकैती के अपराध का दण्ड भा.दं.सं. की किस धारा में उपबंधित है? | 1 | धारा 396 भा.द.वि. | धारा 395 भा.द.वि. | धारा 398 भा.द.वि. | धारा 397 भा.द.वि. |
| 23 | दण्ड विधि (संशोधन) अधिनियम 2013 द्वारा कौन–सा प्रावधान दं.प्र.सं. में नहीं जोड़ा गया है ? | 4 | धारा 357सी दं.प्र.सं. | धारा 198बी दं.प्र.सं. | धारा 357बी दं.प्र.सं. | धारा 166ए दं.प्र.सं. |
| 24 | भारतीय साक्ष्य अधिनियम :– किसी तथ्य (क) के, जिसका किसी विवाद्यक तथ्य का हेतुक या परिणाम होना कथित है, साबित करने की प्रस्थापना की गई है । कई मध्यांतरिक तथ्य (ख), (ग) और (घ) हैं, जिनका इसके पूर्व की तथ्य (क) उस विवाद्यक तथ्य का हेतुक या परिणाम माना जा सके, अस्तित्व में होना दर्शित किया जाना आवश्यक है । | 3 | न्यायालय पहले तथ्य (क) को साबित करने पर जोर देगा | न्यायालय पहले (ख), (ग) और (घ) को साबित करने पर जोर देगा | न्यायालय या तो ख, ग या घ के साबित किए जाने के पूर्व क के साबित किए जाने की अनुज्ञा दे सकेगा, या क का साबित किया जाना अनुज्ञात करने के पूर्व ख, ग और घ का साबित किया जाना अपेक्षित कर सकेगा | न्यायालय ख, ग या घ के साबित किए जाने के पूर्व क के साबित किए जाने की अनुज्ञा नहीं देगा और क का साबित किया जाना अनुज्ञात करने के पूर्व ख, ग और घ का साबित किया जाना अपेक्षित नहीं कर सकेगा |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | भारतीय साक्ष्य अधिनियम :– 'क' प्रतिज्ञात करता है कि उसने अमुक दिन 'ख' को लाहौर में देखा । 'क' से पूछा जाता है कि क्या वह स्वयं उस दिन कलकत्ते में नहीं था । वह इसका प्रत्याख्यान करता है । यह दर्शित करने के लिए कि 'क' उस दिन कलकत्ते में था साक्ष्य प्रस्थापित किया जाता है – | 4 | साक्ष्य ग्राह्य नहीं है | साक्ष्य ग्राह्य होगी क्योंकि अभिकथित तथ्य कि 'ख' प्रश्नगत दिन लाहौर में देखा गया था का, खण्डन नहीं करता है | साक्ष्य ग्राह्य है क्योंकि 'क' को एक तथ्य के बारे में खण्डन करता है जो उसकी विश्वसनीयता पर प्रभाव डालता है | यह साक्ष्य ग्राह्य है, इस नाते नहीं कि वह 'क' का एक तथ्य के बारे में खण्डन करता है, जो उसकी विश्वसनीयता पर प्रभाव डालता है, वरन् इस नाते कि वह इस अभिकथित तथ्य का खण्डन करता है कि 'ख' प्रश्नगत दिन लाहौर में देखा गया था |
| 26 | दं.प्र.सं. की धारा 313 के अंतर्गत आरोपी का कथन – | 2 | शपथ पर अंकित किया जाता है | बिना शपथ के अंकित किया जाता है | न्यायालय के विवेक पर शपथ पर या बिना शपथ के | न्यायालय शपथ से मुक्ति दे सकता है |
| 27 | भा.सा.अ. की धारा 129 यह कहती है कि कोई भी व्यक्ति किसी गोपनीय संसूचना को, प्रकट करने के लिए विवश नहीं किया जाएगा, जो ...................... के मध्य हुई है । | 3 | शिक्षक एवं विद्यार्थी | कम्पनी एवं उसका ग्राहक | उसके और उसके विधि वृत्तिक सलाहकार | भू–स्वामी एवं किरायेदार |
| 28 | मानहानि के मामले में संज्ञान लेने हेतु द.प्र.सं. की धारा 468 में समय सीमा क्या है ? | 3 | 6 माह | एक वर्ष | तीन वर्ष | दो वर्ष |
| 29 | दण्ड प्रक्रिया संहिता :– क्या विचारण की समाप्ति एवं अपील के निस्तारण के पूर्व उच्चतर न्यायालय के समक्ष उपसंजात होने के लिए अभियुक्त से जमानत प्रस्तुत करने को कहा जा सकता है ? | 1 | हाँ, धारा 437 ए द.प्र.सं. के अनुसार | हाँ, धारा 439 उपधारा 2 द0प्र0सं0 | हाँ, धारा 436 द0प्र0सं0 | ऐसा कोई प्रावधान नहीं |
| 30 | दण्ड प्रक्रिया संहिता की किस धारा के तहत समंस मामलों को वारंट मामलों में परिवर्तित किया जा सकता है? | 1 | धारा 259 द.प्र.सं. | धारा 258 द.प्र.सं. | धारा 260 द.प्र.सं. | धारा 340 द.प्र.सं. |
| **C.P.C., T.P. Act & Contract Act ( Total 20 Questions ) ( Q.No. 31 to 50 )** | | | | | | |
| 31 | सम्पत्ति अंतरण अधिनियम के संशोधन 2002 के अनुसार धारा 106 के सिद्धांतों के लिए समय अवधि प्रारंभ होती है – | 1 | सूचना की प्राप्ति दिनांक से | सूचना के जारी किए जाने की दिनांक से | सूचना के आहूत किए जाने की दिनांक से | सूचना से 15 दिवस की समाप्ति से |
| 32 | सिविल प्रक्रिया संहिता :– वाद लाने के स्थान के बारे में आक्षेप पर आज्ञप्ति को अपास्त करने के लिए वाद – | 4 | उस स्थान पर लाया जायेगा जहाँ पूर्ववर्ती वाद का विनिश्चय किया गया है | उस स्थान पर लाया जायेगा, जहाँ पश्चात्वर्ती वाद को लाने की अधिकारिता विद्यमान है | उस स्थान पर लाया जायेगा, जहाँ पश्चात्वर्ती वाद के लिए वादकारण उत्पन्न हुआ है | वाद का वर्जन है |
| 33 | भारतीय संविदा अधिनियम :– 'क', 1,000 रूपये का संदाय किए जाने पर 'ख' को अमुक दिन माल परिदत्त करने का वचन देता है । 'क' उस दिन से पहले ही मर जाता है – | 4 | संविदा शून्य है | 'क' के प्रतिनिधि 'ख' को माल परिदत्त करने के लिए आबद्ध नहीं हैं | 'क' के प्रतिनिधियों को 'ख' 1,000 रूपये देने के लिए आबद्ध नहीं है | 'क' के प्रतिनिधि 'ख' को माल परिदत्त करने के लिए आबद्ध हैं और 'क' के प्रतिनिधियों को 'ख' 1,000 रूपये देने के लिए आबद्ध है |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 89(2)(सी) के अंतर्गत जहां कोई भी विवाद किसी व्यक्ति को निर्दिष्ट किया जाता है, वह व्यक्ति समझा जाएगा : | 2 | एक मध्यस्थ | लोक अदालत | एक न्यायाधीश | एक परामर्शदाता |
| 35 | सिविल प्रक्रिया संहिता :– निम्न में से गलत कथन बतायें – | 3 | सिविल न्यायालय लेखा की परीक्षा करने के लिए कमीशन जारी कर सकता है। | सिविल न्यायालय अनुसचिवीय कार्य हेतु कमीशन जारी कर सकता है। | सिविल न्यायालय डिक्री के निष्पादन हेतु कमीशन जारी कर सकता है। | सिविल न्यायालय विभाजन करने के लिए कमीशन जारी कर सकता है। |
| 36 | 'क' खुले समुद्र में एक अंग्रेजी जहाज पर ऐसे कार्य, द्वारा जो भा.द.वि. के अधीन आपराधिक अभित्रास की कोटि में आता है, 'ख' से एक करार करता है : | 4 | यह एक वैध संविदा है, क्योंकि खुले समुद्र पर भा.द.वि. लागू नहीं होती है | यह एक शून्यकरणीय संविदा है, क्योंकि खुले समुद्र पर भा.द.वि. लागू नहीं होती है | यह एक वैध संविदा नहीं है, क्योंकि खुले समुद्र पर भारतीय संविदा अधिनियम लागू नहीं होता है | यद्यपि 'क' ने प्रपीड़न का प्रयोग किया है, तथापि 'ख' के विकल्प पर यह शून्यकरणीय संविदा है |
| 37 | निम्नलिखित में से कौन–सा एक तथ्य समाश्रित संविदा निर्मित करता है ? | 1 | 'ए', 'बी' को, 'बी' का घर जल जाने की स्थिति में 10,000 रूपये अदा करने की संविदा करता है | जब साल्ट लेक को विनिर्दिष्ट अवधि के अन्दर कोई धनराशि जमाकर पट्टे पर देने का प्रस्ताव किया गया हो | वित्तीय वर्ष के दौरान जब भी कभी कोई आदेश प्रस्तुत किया जाए 1000 टन तक कोयला पूर्ति करने की निविदा की स्वीकृति | जब बैंक अपने ग्राहक को एक लॉकर इस शर्त के अधीन देने का प्रस्ताव करता है कि ग्राहक माह की समाप्ति से पूर्व बैंक के पास एक लाख रूपये का सावधि जमा करे |
| 38 | वाद पत्र में दावा किया गया कोई अनुतोष, जो डिक्री द्वारा अभिव्यत रूप से नही दिया गया है, सिविल प्रक्रिया संहिता की इस धारा के प्रयोजनों के लिए नामंजूर कर दिया गया समझा जाएगा। यह प्रावधान निहित है ? | 4 | धारा 11 स्पष्टीकरण 2 | धारा 11 स्पष्टीकरण 3 | धारा 11 स्पष्टीकरण 4 | धारा 11 स्पष्टीकरण 5 |
| 39 | आदेश 39 नियम 3 क सिविल प्रकिया संहिता के अधीन जहॉं कोई व्यादेश विरोधी पक्षकार को सूचना दिये बिना दिया गया है वहॉं न्यायालय आवेदन को निम्नलिखित में से कितने दिनों के अन्दर निराकृत करने का प्रयास करेगा – | 3 | नब्बे दिन | साठ दिन | तीस दिन | पंद्रह दिन |
| 40 | जब बंधककर्ता बंधक सम्पत्ति का कब्जा बंधकदार को यह अधिकृत करते हुए देता है कि वह सम्पत्ति पर कब्जा बंधक धन की अदायगी तक रखेगा तथा सम्पत्ति का किराया व लाभ प्राप्त करेगा । ऐसे बंधक को कहा जाता है :– | 4 | विलक्षण बंधक | साधारण बंधक | अंग्रेजी बंधक | भोग–बंधक |
| 41 | भारतीय संविदा अधिनियम के अन्तर्गत, इनमें से कौन सा करार शून्य नहीं है – | 4 | विवाह का अवरोधक करार | बाजीकरण (पंद्यम) का करार | बिना प्रतिफल के करार | दिव्यांग (विकलांग) व्यक्ति के साथ किया गया कपटपूर्ण करार |
| 42 | सिविल प्रक्रिया संहिता के अनुसार, वाद के प्रत्याहरण के बाद वादी – | 4 | उसी विषयवस्तु के संबंध में नया वाद प्रस्तुत कर सकता है। | उसी विषयवस्तु के संबंध में नया वाद सिर्फ न्यायालय की अनुमति से प्रस्तुत कर सकता है | उसी विषयवस्तु के संबंध में नया वाद सिर्फ उच्च न्यायालय की अनुमति से प्रस्तुत कर सकता है | जब तक कि उसे वाद के प्रत्याहरण के समय न्यायालय ने नया वाद संस्थित करने की स्वतंत्रता के साथ वाद के प्रत्याहरण की अनुमति न दी गई हो, तब तक उसी विषयवस्तु के संबंध में नया वाद प्रस्तुत नहीं कर सकता है |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 43 | उन मामलों में जहां वाद की विषय वस्तु का मूल्य 50 रूपये से अधिक न हो वहां आदेश 38 नियम 4 सिविल प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत सिविल कारागार में निरोध की अवधि होगी – | 2 | छः दिन से अधिक नहीं | छः सप्ताह से अधिक नहीं | छः माह से अधिक नहीं | तीन माह से अधिक नहीं |
| 44 | जहाँ वाद नियम 2 या नियम 3 सिविल प्रक्रिया संहिता के अधीन खारिज कर दिया जाता है – | 4 | वादी नया वाद प्रस्तुत करने से वर्जित होगा | वादी के पास एकमात्र उपचार उक्त आदेश को अपास्त कराना है | एकमात्र उपचार नया वाद लाना है | वादी नया वाद (परिसीमा विधि के अधीन रहते हुए) ला सकेगा या वह उस खारिजी को अपास्त कराने के आदेश के लिए आवेदन कर सकेगा |
| 45 | संपत्ति अंतरण अधिनियम :– क, जो हिन्दू है और अपने पिता ख से पृथक हो गया है, तीन खेत, क्ष, त्र और ज्ञ यह व्यपदेश करते हुए ग को बेच देता है, कि क उन्हे अंतरित करने के लिए प्राधिकृत है । इन खेतों में से ज्ञ खेत क का नहीं है, क्योंकि विभाजन के समय ख ने इसे अपने लिए प्रतिधृत कर लिया था, किन्तु ख के मरने पर वारिस के रूप में ज्ञ को क प्राप्त कर लेता है । क्या ? | 2 | ग ने विक्रय संविदा को विखंडित किया है क्या वह क से अपेक्षा कर सकता है कि ज्ञ को प्रदत्त करे | ग ने विक्रय संविदा को विखंडित नहीं किया है वह क से अपेक्षा कर सकेगा कि ज्ञ को प्रदत्त करे | क किन्हीं भी परिस्थितियों में दायित्वाधीन नहीं है कि वह ज्ञ को ग को प्रदत्त करे क्योंकि वह उसके पिता की है | ग यद्यपि यह जानकारी रखता था कि ज्ञ क के पिता के हिस्से में आई है, वह क से प्रदत्त करने की माँग कर सकता है |
| 46 | जहाँ कि कोई व्यक्ति निम्नलिखित नगरों, अर्थात् कलकत्ता, मद्रास और मुंबई नगरों में से किसी में और किसी भी अन्य नगर में, जिसे सम्पृक्त राज्य सरकार शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे, किसी लेनदार को या उसके अभिकर्ता को स्थावर संपत्ति के हक के दस्तावेजों को, उस संपत्ति पर प्रतिभूति सृष्ट करने के आशय से परिदत्त करता है वहाँ वह संव्यवहार कहलाता है – | 4 | विलक्षण बंधक | भोग बंधक | अंग्रेजी बंधक | हक–विलेखों के निक्षेप द्वारा बंधक |
| 47 | हर एक वचन और ऐसे वचनों का हर एक संवर्ग जो एक–दूसरे के लिए प्रतिफल हो – | 3 | पारस्परिक वचन है | करार नहीं है | करार है | न तो पारस्परिक वचन है न ही करार है |
| 48 | भारतीय संविदा अधिनियम :– 'ख' को प्रवंचित करने के आशय से 'क' मिथ्या व्यपदेशन करता है कि 'क' के कारखाने में पाँच सौ मन नील प्रतिवर्ष बनाया जाता है और एतद्द्वारा 'ख' को वह कारखाना खरीदने के लिए उत्प्रेरित करता है । संविदा – | 2 | 'क' के दुर्व्यपदेशन के कारण शून्यकरणीय नहीं है | 'ख' के विकल्प पर शून्यकरणीय है | शून्य है | 'क' के विकल्प पर शून्यकरणीय है |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 49 | भारतीय संविदा अधिनियम :— माल के विनिर्दिष्ट स्थोरा को, जिसके बारे में यह अनुमान है कि वह इंग्लेण्ड से मुम्बई को चल चुका है, 'ख' को बेचने का करार 'क' करता है । पता चलता है कि सौदे के दिन से पूर्व, उस स्थोरा को प्रवहण करने वाला पोत संत्यक्त कर दिया गया था और माल नष्ट हो गया था। दोनों में से किसी भी पक्षकार को इन तथ्यों की जानकारी नहीं थी । करार — | 3 | 'क' के विकल्प पर शून्यकरणीय है | 'ख' के विकल्प पर शून्यकरणीय है | शून्य है | वैध है |
| 50 | भारतीय संविदा अधिनियम :— 'ख' के लिए लोक–सेवा में नियोजन अभिप्राप्त करने का वचन 'क' देता हे और 'क' को 'ख' 1,000 रूपये देने को वचन देता हे । करार — | 3 | 'ख' के विकल्प पर शून्यकरणीय है | 'क' के विकल्प पर शून्यकरणीय है | शून्य है, क्योंकि उसके लिए प्रतिफल विधिविरूद्ध है | वैध है |
| **Constitution of India ( Total 10 Questions ) ( Q.No. 51 to 60 )** | | | | | | |
| 51 | भारत का संविधान :— लोकसभा में शून्य काल की अधिकतम अवधि हो सकती है — | 4 | 30 मिनट | एक घंटा | दो घंटे | अविनिर्दिष्ट |
| 52 | भारत का संविधान :— भारत के महान्यायवादी किसके प्रसाद पर्यन्त पद धारण करते हैं — | 1 | राष्ट्रपति | प्रधान मंत्री | संसद | मुख्य न्यायाधीश |
| 53 | भारत का संविधान :— गतिरोध की स्थिति में कौन–सा विधेयक उसको पारित किये जाने के सम्बन्ध में संसद के दोनों संदनों की संयुक्त बैठक का उपबन्ध करता है ? | 1 | सामान्य विधेयक | धन विधेयक | वित्त विधेयक | कराधान विधेयक |
| 54 | भारत का संविधान :— यदि यह प्रश्न उठता है कि विधान परिषद वाले किसी राज्य के विधानमण्डल में प्रस्तुत किया गया कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं, तो उस पर ........................ विनिश्चय अंतिम होगा। | 3 | उस राज्य के मुख्य मंत्री | उस राज्य के राज्यपाल | उस राज्य की विधानसभा के स्पीकर | राज्य कैबिनेट |
| 55 | भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में कुल कितनी भाषायें हैं ? | 2 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 56 | संविधान का अनुच्छेद 24 ............. के बारे में बताता है । | 1 | चौदह वर्ष से कम आयु के किसी बालक को किसी कारखाने में या खान या किसी परिसंकटमय नियोजित नहीं किया जावेगा | बारह वर्ष से कम आयु के किसी बालक को किसी कारखाने में या खान या किसी परिसंकटमय नियोजित नहीं किया जावेगा | सौलह वर्ष से कम आयु के किसी बालक को किसी कारखाने में या खान या किसी परिसंकटमय नियोजित नहीं किया जावेगा | अठारह वर्ष से कम आयु के किसी बालक को किसी कारखाने में या खान या किसी परिसंकटमय नियोजित नहीं किया जावेगा |
| 57 | भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356 के अंतर्गत राष्ट्रपति शासन राज्य में किसी भी दशा में ............... से अधिक प्रवृत्त नहीं रहेगा ? | 4 | एक वर्ष | दो वर्ष | छः माह | तीन वर्ष |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 58 | भारतीय संविधान में कितनी अनुसूचियाँ हैं – | 2 | 10 अनुसूचियाँ | 12 अनुसूचियाँ | 14 अनुसूचियाँ | 16 अनुसूचियाँ |
| 59 | भारतीय संविधान के अनुच्छेद 227 बताता है – | 1 | सभी न्यायालयों के अधीक्षण की उच्च न्यायालय की शक्ति | उच्च न्यायालय के अधिकारी और सेवक तथा व्यय | अधीनस्थ न्यायालयों पर नियंत्रण | कुछ रिट निकालने की उच्च न्यायालय की शक्ति |
| 60 | शब्द "समाजवादी" भारत के संविधान के उद्देश्य में किस संशोधन के द्वारा जोड़ा गया ? | 2 | 32वें | 42वें | 44वें | 74वें |
| **Specific Relief Act ( Total 5 Questions ) ( Q.No. 61 to 65 )** | | | | | | |
| 61 | विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत स्थावर सम्पत्ति के आधिपत्य की वापसी के लिए कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया जा सकता : | 1 | सरकार के विरूद्ध | लोक कंपनी के विरूद्ध | प्रायवेट कंपनी के विरूद्ध | लोक न्यास के विरूद्ध |
| 62 | विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम की धारा 14 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन सी संविदा विनिर्दिष्टतः प्रवर्तित नहीं कराई जा सकती ? | 3 | भागीदारी के प्रारूपिक विलेख का निष्पादन | भूमि पर किसी भवन का निर्माण अथवा कोई अन्य संकर्म के निष्पादन के लिये संविदा | संविदा जो उसकी प्रकृति से पर्यवसेय हो । | किसी ऐसे ऋण जिसे उधार लेने वाला तत्क्षण प्रतिसंदाय करने का रजामंद न हो, के प्रतिसंदाय को प्रतिभूति करने के लिये बंधक निष्पादन करने या कोई अन्य प्रतिभूति देने के लिये संविदा |
| 63 | धारा 34, विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत अतिरिक्त सहायता वह होना चाहिये – | 1 | जो वाद प्रस्तुति दिनांक को अतिरिक्त रूप में उपलब्ध थी | जो वाद प्रस्तुति उपरान्त उपलब्ध हुई | जो वाद प्रस्तुति दिनांक को वैकल्पिक रूप में उपलब्ध थी | जो वाद लंबित रहने की अवधि में वैकल्पिक रूप में उपलब्ध हुई |
| 64 | विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम के अन्तर्गत व्यादेश कब नामंजूर किया जाता है ? | 4 | एक संविदा के पालन, जिसका पालन विनिर्दिष्टतः प्रवर्तनीय नहीं है | किसी कार्य को जब उसका पालन किया जाए, जिसके बारे में युक्तियुक्त तौर पर यह स्पष्ट हो कि यह उपताप (न्यूसेंस) हो जाएगा, को निवारित करने के लिए | जब वादी का मामले में कोई वैयक्तिक हित हो | जब वादी का मामले में कोई वैयक्तिक हित न हो |
| 65 | विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम के अन्तर्गत निम्नलिखित में से किस प्रकरण में न्यायालय लिखत की परिशुद्धि के लिए आदेश नहीं दे सकेगा | 3 | जहां लिखत, कपट द्वारा पक्षकारों का वास्तविक आशय अभिव्यक्त न करे | जहां लिखत परस्पर भूल द्वारा पक्षकारों का वास्तविक आशय अभिव्यक्त न करे | जहां वह किसी कम्पनी का संगम अनुच्छेद हो | जहां लिखत की परिशुद्धि परव्यक्तियों द्वारा सद्भावनापूर्वक एवं मूल्यार्थ अर्जित अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालती हो |
| **N.D.P.S. Act ( Total 4 Questions ) ( Q.No. 66 to 69 )** | | | | | | |
| 66 | विशेष न्यायालय द्वारा स्वापक औषधियों एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम के अन्तर्गत ऐसे प्रकरण ही विचारणीय होंगे, जो दण्डनीय है – | 1 | तीन वर्ष से अधिक अवधि के कारावास | पांच वर्ष से अधिक अवधि के कारावास | सात वर्ष से अधिक अवधि के कारावास | दस वर्ष तक या इससे अधिक अवधि के कारावास |
| 67 | स्वापक औषधियों एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 42 के प्रावधान प्रयोज्य नहीं होते हैं :– | 1 | अकस्मात् बरामदगी पर | तलाशी, उस स्थान की जहाँ कोई मामूली तौर पर निवास करता है | तलाशी होटल के एक कमरे की | तलाशी एक ट्रक की, एक लोक स्थान पर सूर्यास्त एवं सूर्योदय के मध्य |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | जो कोई एन.डी.पी.एस. एक्ट के अध्याय 4 के अधीन दंडनीय कोई अपराध करने का या ऐसे अपराध का किया जाना कारित करने का प्रयत्न करेगा और ऐसा प्रयत्न करने में उस अपराध के संबंध में कोई कार्य करेगा, तो वह – | 4 | उस अपराध के लिए उपबंधित दंड के एक चौथाई दण्ड से दंडनीय होगा। | उस अपराध के लिए उपबंधित दंड के एक तिहाई दण्ड से दंडनीय होगा। | उस अपराध के लिए उपबंधित दंड के आधे दण्ड से दंडनीय होगा। | उस अपराध के लिए उपबंधित दंड से दंडनीय होगा। |
| 69 | दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 में किसी बात के होते हुए भी, स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1989 के अधीन कितनी कालावधि के कारावास से दण्डनीय अपराधों का संक्षिप्त विचारण किया जा सकेगा ? | 3 | एक वर्ष से अनधिक | दो वर्ष से अनधिक | तीन वर्ष से अनधिक | पांच वर्ष से अनधिक |
| **Limitation Act ( Total 3 Questions ) ( Q.No. 70 to 72 )** | | | | | | |
| 70 | वाद दायर करने के अधिकार के प्रारंभ पर या होने से पूर्व मृत्यु होने के प्रभाव को भारतीय परिसीमा अधिनियम की किस धारा में उपबंधित किया गया है ? | 1 | धारा 16 में | धारा 18 में | धारा 19 में | धारा 20 में |
| 71 | परिसीमा अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत प्रदत्त विशेष अपवाद से संबंधित निहित प्रावधान हैं – | 3 | परिसीमा अधिनियम की धारा 4 एवं 5 | परिसीमा अधिनियम की धारा 5 एवं 6 | परिसीमा अधिनियम की धारा 6 एवं 7 | परिसीमा अधिनियम की धारा 7 एवं 9 |
| 72 | परिसीमा अधिनियम की धारा 2(ठ) के अंतर्गत, वाद में – | 3 | अपील सम्मिलित है | आवेदन सम्मिलित है | अपील या आवेदन सम्मिलित नहीं है | अपील सम्मिलित है किन्तु आवेदन सम्मिलित नहीं है |
| **Negotiable Instrument Act ( Total 3 Questions ) ( Q.No. 73 to 75 )** | | | | | | |
| 73 | परक्राम्य विलेख अधिनियम की धारा 97 के अंतर्गत वह पक्षकार जिसे की अनादर की सूचना भेजी गई हैं, मर गया है किन्तु सूचना भेजने वाले पक्षकार को उसकी मृत्यु की जानकारी नहीं है तब वह सूचना– | 1 | पर्याप्त है | पर्याप्त नहीं है | अकृत एवं शून्य है और इसका कोई प्रभाव नहीं होगा | कोई मूल्य नहीं |
| 74 | परक्राम्य लिखत अधिनियम के अन्तर्गत "जिकरीवाल" है – | 3 | विनिमय पत्र का रचयिता | संदाय करने के लिए निर्दिष्ट व्यक्ति | जब कि विनिमय–पत्र में या उस पर के किसी पृष्ठांकन में ऊपरवाल के अतिरिक्त किसी व्यक्ति का नाम दिया हुआ है जिसके पास आवश्यकता पड़ने पर लेनगी के लिये माना जाना है | सम्यक् अनुक्रम धारक |
| 75 | परक्राम्य लिखत अधिनियम के अन्तर्गत "विदेशी लिखत" एक लिखत है – | 4 | भारत की सीमाओं के बाहर निष्पादित | एक विदेशी द्वारा निष्पादित | एक भारतीय द्वारा, एक विदेशी के पक्ष में निष्पादित | ऐसी कोई लिखत, जो ऐसे लिखित, रचित या देय रचित नहीं है |
| **M.P. Land Revenue Code ( Total 5 Questions ) ( Q.No. 76 to 80 )** | | | | | | |
| 76 | उन समस्त भूमियों पर जिन पर निर्धारण नहीं किया गया है, भू–राजस्व का निर्धारण किसके द्वारा किया जायेगा – | 2 | राज्य सरकार | कलेक्टर | बंदोबस्त अधिकारी | चकबंदी अधिकारी |
| 77 | म.प्र. भू–राजस्व संहिता :– बंदोबस्त की कालावधि के संबंध में क्या सही है ? | 3 | राज्य सरकार द्वारा नियत की जायेगी और वह 20 वर्ष से कम की नहीं होगी | संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा नियत की जायेगी और वह 30 वर्ष से कम की नहीं होगी. | राज्य सरकार द्वारा नियत की जायेगी और वह 30 वर्ष से कम की नहीं होगी. | कमिश्नर द्वारा नियत की जायेगी और वह 30 वर्ष से कम की नहीं होगी. |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 78 | म.प्र. भू–राजस्व संहिता :– समस्त ग्रामों की सीमाएं नियत की जायेंगी तथा स्थाई सीमा चिन्हों द्वारा उनका सीमांकन किया जायेगा, यह प्रावधान है – | 2 | धारा 121, मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता में | धारा 124, मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता में | धारा 125, मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता में | धारा 126, मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता में |
| 79 | भूमिस्वामी द्वारा भूमि का भोगबंधक विधिमान्य नहीं होगा, यदि वह .................. से अधिक अवधि का है :– | 2 | 5 वर्ष | 6 वर्ष | 10 वर्ष | सात वर्ष |
| 80 | भू राजस्व के भुगतान में व्यतिक्रम के लिए जो दंड अधिरोपित किया जा सकेगा वह उस रकम के जिसका इस प्रकार भुगतान न किया गया हो – | 4 | पचास प्रतिशत से अधिक न होगी | दस प्रतिशत से अधिक न होगी | बीस प्रतिशत से अधिक न होगी | सौ प्रतिशत से अधिक न होगी |
| | **M.P. Accommodation Control Act ( Total 5 Questions ) ( Q.No. 81 to 85 )** | | | | | |
| 81 | निम्नलिखित कौन सा कार्य म.प्र. स्थान नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत, किरायेदार के निष्कासन का आधार नहीं है | 4 | अपदूषण | भू–स्वामी के स्वत्व से इंकार | तात्विक संरचनात्मक परिवर्तन | अतिधारण |
| 82 | म.प्र. स्थान नियंत्रण अधिनियम की धारा 12(1)(ग) में कौन सा अंतर्विष्ट नहीं है – | 4 | अभिधारी या उसके साथ निवास करने वाले किसी व्यक्ति ने कोई न्यूसेंस पैदा कर दिया है. | अभिधारी या उसके साथ निवास करने वाले किसी व्यक्ति ने कोई ऐसा कार्य किया है, जो उस प्रयोजन से असंगत है, जिसके लिये वह स्थान अभिधृति पर दिया गया था. | अभिधारी या उसके साथ निवास करने वाले किसी व्यक्ति ने कोई ऐसा कार्य किया है, जिससे भूमि–स्वामी के उसमें के हित पर प्रतिकूलतः या सारतः प्रभाव पड़ना संभाव्य है. | अभिधारी ने स्थान को या उसके किसी भाग को विधि विरूद्धतया उपभाड़े पर दे दिया है. |
| 83 | निवास के प्रयोजनों के लिए किराए पर दिये गये स्थान की एक ऐसी धार्मिक संस्था को जिसे म.प्र. स्थान नियंत्रण अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत छूट या मुक्ति दी गई है को अपने स्वयं के लिए सद्भाविक आवश्यकता है : | 4 | उसे स्थान नियंत्रण अधिनियम की धारा 12(1)(इ) के अंतर्गत दावा प्रस्तुत करना होगा। | उसे स्थान नियंत्रण अधिनियम की धारा 12(1)(एफ) के अंतर्गत दावा प्रस्तुत करना होगा। | स्थान नियंत्रण अधिनियम की धारा 12(1)(इ) के अंतर्गत दावा प्रचलन योग्य है, किन्तु प्रदान की गई छूट या मुक्ति के कारण कोई न्याय शुल्क देय नहीं होगा। | स्थान नियंत्रण अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होंगे। |
| 84 | मध्य प्रदेश स्थान नियंत्रण अधिनियम :– निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है : | 3 | मध्य प्रदेश स्थान नियंत्रण अधिनियम के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का विचारण केवल न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी करेगा | इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का संज्ञान परिवाद पर से लिया जायेगा | इस अधिनियम के अंतर्गत दण्डनीय किसी अपराध के संबंध में परिवाद, अपराध कारित किये जाने की दिनांक से, 6 माह के अंदर प्रस्तुत करना होगा | इस अधिनियम के अधीन मजिस्ट्रेट 2,000 रूपये से अधिक के अर्थदण्ड का दण्डादेश पारित कर सकता है |
| 85 | भाड़ा नियंत्रण अधिकारी की नियुक्ति की जाती है – | 1 | जिलाधीश द्वारा राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से | जिलाधीश द्वारा बिना राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से | राज्य सरकार द्वारा | आयुक्त द्वारा बिना राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Hindu Law (H. Marriage Act, Hindu Succession Act & H. Adoption & Maintenance Act Only) ( Total 7 Questions ) ( Q.No. 86 to 92 )** | | | | | | |
| 86 | धारा 9 हिन्दू अवयस्कता एवं संरक्षकता अधिनियम के अंतर्गत – | 3 | एक हिंदू पितामह अवयस्क पौत्र की सम्पत्ति और व्यक्ति के संबंध में वसीयत द्वारा संरक्षक नियुक्त कर सकता है। | एक हिंदू पिता केवल न्यायालय की अनुज्ञा से वसीयत द्वारा संरक्षक नियुक्त कर सकता है। | एक हिंदू पिता जो प्राकृतिक संरक्षक के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम हैं, वह वसीयत द्वारा अपने वैध अवयस्क बच्चों के लिए संरक्षक नियुक्त कर सकता है। | ऐसी हिन्दू माता को, अपने अप्राप्तवय अधर्मज अपत्यों के नैसर्गिक संरक्षक के तौर पर कार्य करने की हकदार हो उनमें से किसी के लिए भी वसीयत द्वारा संरक्षक नियुक्त करने का अधिकार न होगा |
| 87 | धारा 8 हिंदू विवाह अधिनियम, हिंदू विवाहों के पंजीकरण का प्रावधान करता है, एक विवाह जो हिंदू विवाह अधिनियम के अंतर्गत संपादित किया गया हो, परंतु धारा 8 के अनुसार पंजीकृत न हो तो – | 4 | न्यायालय में विवाह के प्रमाण में विवाह की वैधता प्रभावित करेगा। | विवाह को अवैधानिक बना देगा। | विवाह शून्य करणीय बना देगा। | किसी भी तरह से विवाह की वैधता को प्रभावित नहीं करेगा। |
| 88 | एक 22 वर्षीय हिन्दू पुरूष "अ" ने 17 वर्षीय हिन्दू महिला "ब" के साथ हिन्दू रीति–रिवाज अनुसार विवाह किया । ऐसे विवाह के संबंध में "अ" किस प्रकार से दायित्वाधीन होगा – | 1 | उसे कठोर कारावास जो 2 वर्ष तक हो सकेगा या जुर्माने से, जो एक लाख रूपये तक हो सकेगा या दोनों से दंडित किया जा सकता है. | वह किसी भी दंड के दायित्वाधीन नहीं होगा. | उसे एक वर्ष के कठोर कारावास या जुर्माना जो एक लाख रूपये तक हो सकेगा या दोनों से दंडनीय होगा. | उसे तीन वर्ष के कठोर कारावास या जुर्माना जो एक लाख रूपये तक हो सकेगा या दोनों से दंडनीय होगा. |
| 89 | हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 21 उपबंधित है– | 4 | संपत्ति अर्जित करने के अधिमान अधिकार | राजगामी संपत्ति | वारिसों की अनहर्ता | सम–सामयिक मृत्युओं के मामले में उपधारणा |
| 90 | हिन्दू दत्तक तथा भरण–पोषण के अंतर्गत एक 17 वर्षीय अविवाहित पुत्री की दशा में भरण–पोषण के अंतर्गत क्या सही नहीं है ? | 3 | शिक्षा | चिकित्सीय परिचर्या | विवाह की युक्तियुक्त व्यय | आवास |
| 91 | एक पुरूष हिन्दू के द्वारा प्रथम विवाह के प्रभावशील रहते दूसरा विवाह किया गया और दूसरे विवाह से उसे एक पुत्र उत्पन्न हुआ। यह पुत्र – | 4 | धर्मज है, परंतु उसे सिर्फ अपनी माँ से संपत्ति उत्तराधिकार में प्राप्त करने का अधिकार है | अधर्मज है, और उसे सिर्फ अपनी माँ से संपत्ति उत्तराधिकार में प्राप्त करने का अधिकार है | धर्मज है, परंतु वह सभी संबंधियों से संपत्ति उत्तराधिकार में प्राप्त कर सकता है | धर्मज है, और उसे सिर्फ अपने माता–पिता से संपत्ति उत्तराधिकार में प्राप्त करने का अधिकार होगा |
| 92 | हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत, पुरूष की दशा में उत्तराधिकार के साधारण नियम में यह एक नहीं है – | 3 | प्रथमतः, उन वारिसों को जो अनुसूची के वर्ग एक में विनिर्दिष्ट संबंधी हैं | द्वितीयतः, यदि वर्ग एक में वारिस न हो तो उन वारिसों को जो अनुसूची के वर्ग दो में विनिर्दिष्ट संबंधी हैं | तृतीयतः, यदि दोनों वर्गों में से किसी में का कोई वारिस न हो तो राज्य को | यदि कोई गोत्रज न हो तो मृतक के बंधुओं को |
| **SC & ST (Prevention of Atrocity) Act ( Total 3 Questions ) ( Q.No. 93 to 95 )** | | | | | | |
| 93 | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय निम्नलिखित अपराधों में से कौन–सा अपराध आजीवन कारावास से दण्डनीय नहीं है ? | 3 | धारा 3(2)(चार) | धारा 3 (2) (पांच) | धारा 3 (2) (तीन) | धारा 3 (2) (एक) |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 94 | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत दोषी को अपराधी परिवीक्षा अधिनियम का लाभ दिया जा सकता है – | 2 | अधिनियम की धारा 3(1) के अंतर्गत दंडित किसी भी व्यक्ति को | सिर्फ 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को | किसी भी व्यक्ति को | सिर्फ महिला एवं वृद्ध व्यक्तियों को |
| 95 | ऐसे व्यक्ति को जिसके संबंध में यह संभाव्यता है कि वह अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अध्याय 2 के अंतर्गत अपराध करेगा उसे उस क्षेत्र से हटाने का आदेश कौन दे सकता है – | 4 | राज्य सरकार | उच्च न्यायालय | कलेक्टर | विशेष न्यायालय |
| **Motor Vehicle Act (Chapter X, XI, & XII Only) ( Total 3 Questions ) ( Q.No. 96 to 98 )** | | | | | | |
| 96 | मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, मोटर यान अधिनियम, 1988 की ........... के अंतर्गत अग्रेषित किसी दुर्घटना रिपोर्ट को प्रतिकर के लिए आवेदन की भांति मानेगा। | 1 | धारा 158(6) | धारा 166(1) | धारा 167 | धारा 170 |
| 97 | "टक्कर मारकर और भाग जाना" मोटर यान अधिनियम, 1988 की किस धारा परिभाषित है ? | 2 | धारा 160 | धारा 161(1–बी) | धारा 164 | धारा 159 |
| 98 | कतिपय मामलों में बीमाकर्ता को पक्षकार बनाये जाने का प्रावधान मोटरयान अधिनियम की क़िस धारा में है ? | 4 | धारा 166 | धारा 145 | धारा 147 | धारा 170 |
| **Court Fees Act, Indian Registration Act & Indian Stamp Act ( Total 7 Questions ) ( Q.No. 99 to 105 )** | | | | | | |
| 99 | धारा 23ए पंजीकरण अधिनियम, 1908 के अंतर्गत, एक दस्तावेज जो बिना उचित व्यक्ति के प्रस्तुत किए हुए पंजीकृत हो जाता है – | 4 | वह दस्तावेज शून्य होता है | वह दस्तावेज शून्यकरणीय होता है | ऐसी त्रुटि को केवल न्यायालय की डिक्री के माध्यम से सुधारा जा सकता है | यदि उसे उचित व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किया जाता है, तो उसका पुनःपंजीकरण किया जा सकता है |
| 100 | भारतीय स्टाम्प अधिनियम :– स्टांप ड्यूटी को लघुकृत, परिहार एवं शमन करने की शक्ति निहित है – | 1 | सरकार | कलेक्टर ऑफ स्टाम्प | संबंधित न्यायालय | कलेक्टर |
| 101 | न्यायालय शुल्क अधिनियम, 1870 की धारा–35 में उपबंध के अनुसार सम्पूर्ण राज्य क्षेत्र में या उसके किसी भाग में जो उनके प्रशासनाधीन है, प्रथम या द्वितीय अनुसूची में वर्णित न्यायालय फीस कम करने या परिहारित करने को सक्षम है– | 3 | संभाग आयुक्त | उच्च न्यायालय | समुचित सरकार | संबंधित न्यायालय |
| 102 | "रिलेशन बेक" का सिद्धान्त पंजीकरण अधिनियम, 1908 की निम्न धारा में निहित है – | 2 | धारा 42 | धारा 47 | धारा 48 | धारा 50 |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 103 | 'क' को 1800/– रूपये मूल्य की एक अनस्टाम्प एवं अपंजीकृत विक्रयपत्र के माध्यम से दिनांक 12–09–1967 को वादग्रस्त भवन में कब्जा दे दिया जाता है । स्वत्व घोषणा के वाद में 'क' अपना स्वत्व प्रमाणित करना चाहता है और वह स्टाम्प ड्यूटी और पेनॉल्टी भी अदा करता है । वह विक्रय पत्र होगा – | 3 | किसी भी प्रकार से ग्राह्य नहीं | सभी प्रयोजनों के लिए ग्राह्य | केवल सम्पारश्विक प्रयोजन हेतु ग्राह्य | केवल धन की वापसी के लिए ग्राह्य |
| 104 | धारा 24, 25 एवं 26 में अन्तर्विष्ट उपबंधों के अध्याधीन रहते हुए विल से भिन्न किसी दस्तावेज के रजिस्ट्रेशन के लिए दस्तावेज को समुचित ऑफीसर के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1908 की धारा 23 के अंतर्गत निर्धारित अवधि है – | 1 | दस्तावेज के निष्पादन के चार माह | दस्तावेज के निष्पादन के दो माह | दस्तावेज के निष्पादन के तीन माह | दस्तावेज के निष्पादन के छः माह |
| 105 | पंजीयन अधिनियम, 1908 की कौन सी धारा पंजीयन योग्य दस्तावेज के पंजीकृत न होने के प्रभाव से संबंधित है ? | 3 | धारा 17 | धारा 47 | धारा 49 | धारा 32 |
| | **General Knowledge ( Total 15 Questions ) ( Q.No. 106 to 120 )** | | | | | |
| 106 | डा. एस. चन्द्रशेखर को वर्ष 1983 में किस क्षेत्र में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। | 2 | रसायन शास्त्र | भौतिक विज्ञान | जीव विज्ञान | साहित्य |
| 107 | सबसे कम उम्र का क्रांतिकारी, जिसे मौत की सजा दी गई थी ? | 1 | खुदीराम बोस | भगत सिंह | सुखदेव | राजगुरू |
| 108 | जनहित वाद की अवधारणा किस देश से उत्पन्न हुई ? | 2 | भारत | यू.एस.ए. | आस्ट्रेलिया | यू.के. |
| 109 | "वार एण्ड पीस" के लेखक कौन है ? | 1 | लियो टॉल्सटॉय | किपलिंग | चार्ल्स डिकेन्स | महात्मा गाँधी |
| 110 | किस देश के रक्षा मंत्री के रूप में भारतीय मूल के हरजीत सज्जन ने शपथ ली है ? | 3 | आस्ट्रेलिया | मॉरीशस | कनाडा | सिंगापुर |
| 111 | गोआ किस सन् में स्वतंत्र हुआ ? | 3 | 1950 | 1956 | 1961 | 1963 |
| 112 | मेकमाहोन रेखा के दोनों ओर स्थित हैं . | 4 | पाकिस्तान और अफगानिस्तान | उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया | फ्रांस और जर्मनी | भारत और चीन |
| 113 | किस मुगल शासक के शासन काल में ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपनी पहली फैक्ट्री की शुरूआत भारत में की थी ? | 2 | अकबर | जहाँगीर | शाहजहाँ | औरंगज़ेब |
| 114 | भारत का वायसराय कौन था जब रोलेट अधिनियम पारित किया गया था ? | 3 | लार्ड इरविन | लार्ड रीडींग | लार्ड चेम्सफोर्ड | लार्ड वावेल |
| 115 | पहली लोक सभा के अध्यक्ष कौन थे ? | 2 | हुकम सिंह | जी.वी. मावलंकर | के.एम. मुंशी | यू.एन. धीबार |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 116 | निम्न में से कौन भारत रत्न के प्रथम तीन प्राप्तकर्ता नहीं है– | 4 | डा. एस. राधाकृष्णन | चक्रवर्ती राजगोपालाचारी | डा. सी.वी. रमन | डा. एम. विश्वेश्वरैया |
| 117 | मध्यप्रदेश में कुल सिविल (न्यायिक) जिलों की संख्या है ? | 2 | 45 | 50 | 55 | 51 |
| 118 | बाण सागर परियोजना किस नदी पर स्थित है । | 1 | सोन | नर्मदा | चंबल | केन |
| 119 | वन्य जीवन के राष्ट्रीय बोर्ड की अध्यक्षता करता है – | 2 | केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री | प्रधानमंत्री | ग्रामीण विकास मंत्री | राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्युनल |
| 120 | निम्न में से किस राजा को भारत का नेपोलियन कहा जाता है ? | 3 | अशोक | हर्षवर्धन | समुद्रगुप्त | चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य |
| **Basics of Computer ( Total 10 Questions ) ( Q.No. 121 to 130 )** | | | | | | |
| 121 | What kind of data you may send through e-mail ? | 4 | Only Pictures | Only Audio | Only Video | Pictures, Audio & Video too |
| 122 | EPROM is - | 3 | Erasing the contents of Rom | Reconstructing the contents of Rom | Erasable programmable Read Only Memory | Duplicating Rom |
| 123 | To save an existing Microsoft Office File with a new name at a new location which command should be uses ? | 3 | Save | Save and Replace | Save As | New File |
| 124 | ISDN stands for - | 3 | Integral Service Dynamic Network | International Subscriber Dialup Network | Integrated Service Digital Network | International Service Dialup Network |
| 125 | HDD is a - | 3 | Input Device | Output Device | Storage Device | Printing Device |
| 126 | The file extension of the MS-Power Point file is - | 4 | .PPF | .PTP | .DPP | .PPT |
| 127 | A person who uses his or her expertise to gain access to another Person's Computers to get information illeglly or to do damage is a ? | 2 | Spammer | Hacker | Programmer | Analyst |
| 128 | Arrangement of data in a predetermined sequence in Excel is called - | 2 | Procession | Sorting | Colding | Classifying |
| 129 | Server of Computers that provide resources to other Computers are connected to a - | 1 | Network | Mainframe | Super Computer | Client |
| 130 | Hackers aften gain entry to a network by pretending to be at a legitimate computer - | 1 | ID Theft | Trojaning | IP Spoofing | Forging |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **English ( Total 10 Questions ) ( Q.No. 131 to 140 )** | | | |
| 131 | Choose the alternative which best expresses the meaning of idiom/phrase 'TO SMELL A RAT" | 3 | Sign of plague epidemic | Bad smell | Suspect foul dealing | To be in a bad mood |
| 132 | Choose the alternative which best expresses the meaning of idiom/phrase 'SEE EYE TO EYE" | 2 | State at each other | Agree | Depend on | Make an effort |
| 133 | Choose the word which is similar in meaning to the word given in capital letter "AZURE" | 1 | Blue | Green | Brown | Round and big |
| 134 | Fill in the blank from the words given- " Suman is afraid ------------ darkness . | 1 | of | to | for | with |
| 135 | Fill in the blank from the words given " Let the window ---------- opened . | 2 | been | be | would | could |
| 136 | "Quinquennial" digest means | 3 | 10 years digest | 20 years digest | 5 years digest | 25 years digest |
| 137 | Give the synonyms of the word Abstruse ---------- | 2 | Visible | Hidden | Clear | Suitable |
| 138 | Give the synonyms of the word Abutting --------- | 3 | Similar | Distant | Adjoining | Alternative |
| 139 | One Word For - Inscription on Tombstone/ Memorial | 2 | Elucidate | Epitaph | Pictograph | Distant |
| 140 | Antonym - Vainglorious | 1 | modest | Horrible | Fierce | greedy |
| | | | **Law Lexicon & Maxims ( Total 5 Questions ) ( Q.No. 141 to 145 )** | | | |
| 141 | The maxim :- "actus dei nemini facit injuriam", means - | 1 | Act of god prejudices no one | act of court does not harm any body | act is bonafide no injury is punishable | act is bonafide injury is punishable |
| 142 | The maxim :- "pari passu", means - | 1 | Simultaneously and equally | present and past | with the passing the time | Of good omen |
| 143 | The maxim :- "De die in diem" means - | 3 | Subject to conditions or provisions | Of good omen | From day to day | Till death |

| Que. No. | Question Text/ प्रश्न | Correct Option | Option 1 | Option 2 | Option 3 | Option 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 144 | The maxim :- "ejusdem generis" means - | 3 | General things do not derogate from special | General words are to be understood in a general sense | Of the same kind or nature | The origin or genesis of a legal concept is to be seen |
| 145 | The maxim :- "negation non protest probari" means - | 1 | Refusal need not to be proved | Refusal in absence of protest must be proved | Non protection caused adverse effect | Non protection have no effect |
| **Medical Jurisprudence ( Total 5 Questions ) ( Q.No. 146 to 150 )** | | | | | | |
| 146 | Which is not the early signs of death- | 4 | changes in the eye | cooling of body | cadaveric lividity | Decomposition |
| 147 | Which of the following is main point to differentiate between ante-mortem and post-mortem burns - | 4 | Line of redness | vesication | reparative processes | All of these |
| 148 | The use of Physical developer to develop latent finger marks involve its reaction with which of the following components of sweat residue ? | 1 | Amino acid | Urea | Triglycerides | Squalene |
| 149 | The Dental formula for permanent set of human dentition is | 3 | 2102/ 2102 | 2012/ 2012 | 2123/ 2123 | 1223 / 1223 |
| 150 | Short fragments of DNA labelled with radioactive tag are known as | 2 | Probes | Primers | STR's | SSR's |

**(Akhil Kumar Srivastava)**
**Principal Registrar (Exam)**